राज्य सचिवालय में मिलेट बेकरी आउटलेट का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

16 नवंबर, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के मोटे अनाज़ों पर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका में वृद्धि करने के उद्देश्य से सचिवालय परिसर में मिलेट बेकरी आउटलेट का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि राज्य में ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय मंडुआ, झंगोरा, ज्वार, चौलाई इत्यादि अनाज़ों का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिये देहरादून के रायपुर ब्लॉक व पौड़ी ज़िले के पौड़ी ब्लॉक में दो मिलेट उत्पादों की बेकरी शुरू की गई है।
- मिलेट बेकरी में मंडुआ व झंगोरा का प्रसंस्करण कर बिस्किट, ब्रेड व पिज़्ज़ा बेस व अन्य उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत स्थानीय मोटे अनाज़ों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिये प्रदेश में अनेक कार्यक्रम किये जा रहे हैं।
- उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक सवा लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 40,270 महिलायें लखपति दीदी बनाई जा चुकी हैं।
- चयनित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बेकरी विशेषज्ञ के माध्यम से बेकरी उत्पाद हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे अधिक संख्या में समूहों द्वारा बाज़ार की माँग के अनुरूप उच्च गुणवत्ता तथा पोषण से युक्त बेकरी उत्पाद तैयार कर लोगों को उपलब्ध करा सके।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/millet-bakery-outlet-inaugurated-in-state-secretariat